## माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

ई–मेल : mpbse @ mp.nic.in वेब साइट : www.mpbse.nic.in

☎ : कार्या:– (0755) 2551650, फैक्स – (0755) 2552061

क्रमांक / 4408 / प.स. / 2026 भोपाल दिनांक 24 / 02 / 2026

प्रति,

कलेक्टर,
जिला–अनूपपुर,
मध्यप्रदेश

**विषयः–** मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षायें सत्र 2025–2026 में कलेक्टर प्रतिनिधियों की द्वारा ड्यूटी नहीं करने के संबंध में

**संदर्भः–** जिलाध्यक्ष मध्यप्रदेश पटवारी संघ, जिला–अनूपपुर, म.प्र. का पत्र क्र. / 82 / पट.संघ / 2026,दि. 20.02.26

––00––

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से मध्यप्रदेश पटवारी संघ, जिला–अनुपपूर, म.प्र. द्वारा लेख किया गया है, कि हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षायें वर्ष 2025–26 में सलंग्न जिला–अनूपपुर के समस्त पटवारी, हड़ताल में होने पर भी सद्भावनापूर्वक एवं बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुये बोर्ड परीक्षा ड्यूटी में कलेक्टर प्रतिनिधि के दायित्वों का निर्वहन कर रहे है।

जिलाध्यक्ष मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला अनूपपुर द्वारा पत्र में वर्णित परिस्थितियों के कारण ड्युटी करने में असमर्थ हैं, तथा दिनांक 25.02.2026 दिन बुधवार तक आयोजित बोर्ड परीक्षा में कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में कार्य करते रहेंगे, तत्पश्चात दिनांक 26.02.2026 से ड्युटी का पूर्णतः बहिष्कार करने का लेख किया गया है। सुलभ संदर्भ हेतु पत्र की छायाप्रति संलग्न है।

मण्डल परीक्षायें दिनांक 07 मार्च 2026 तक आयोजित होना नियत है। कृपया परीक्षा में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो, इसको दृष्टिगत रखते हुये आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें।

**संलग्न–पत्र की प्रति।**

(बुद्धेश कुमार वैद्य)
सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल
मध्यप्रदेश भोपाल

पृष्ठांकन क्रमांक / 4409 / परीक्षा समन्वय / 2026 भोपाल दिनांक 24 / 02 / 2026

प्रतिलिपि–

1– निज सचिव, अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल।
2– सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
3– मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जिला–अनूपपुर, मध्यप्रदेश।
4– संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, संभाग–रीवा, मध्यप्रदेश।
5– जिला शिक्षा अधिकारी, जिला–अनूपपुर, मध्यप्रदेश
6– संभागीय अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रीवा, मध्यप्रदेश।
7– निज सचिव–सचिव / अतिरिक्त सचिव / परीक्षा नियंत्रक, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र.,भोपाल ।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश, भोपाल



D:\SAMANVAY\exam\Exam 2026\strong room 2026.doc

।। सघे शक्ति कलियुगे ।।

# मध्यप्रदेश पटवारी संघ, जिला–अनूपपुर (म.प्र.)

चेतन सिंह मरावी
जिलाध्यक्ष
जिला ईकाई– अनूपपुर
मो0: 7566143667

उपेन्द्र सिंह बाघेल
प्रान्ताध्यक्ष
म.प्र.पटवारी संघ भोपाल
मो0: 9425331737

[redacted] (शासन द्वारा मान्यता प्राप्त) पंजीयनकमांक 3473, दि0 12.11.1973 [redacted]

पत्र कमांक 82 / पट.संघ / 2026 दिनांक:– 20 / 02 / 2026

प्रति

श्रीमान सचिव महोदय

माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल (मध्यप्रदेश)

**विषय -माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित दसवी व बारहवी की बोर्ड परीक्षा में "कलेक्टर प्रतिनीधि" की ड्यूटी नहीं करने की सूचना बावत**

द्वारा:-जिला शिक्षा अधिकारी जिला-अनुपपुर

संदर्भः 1.मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला- इकाई- अनूपपुर के पत्र क्र. 81/पट. संघ/2026 दिनांक 09/02/2026

2. मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला- इकाई- अनूपपुर के पत्र क्र. 80/पट. संघ/2026 दिनांक 04/02/2026

मान्यवर

कृपया सूचित होवें कि संदर्भित पत्र के माध्यम से पूर्व सूचना के पश्चात भी विषयान्तगर्त के संबंध में जिला-अनूपपुर के समस्त पटवारी, हड़ताल मे होने पर भी सद्भावना पूर्वक एवं बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुये बोर्ड परीक्षा ड्यूटी में कलेक्टर प्रतिनिधि के दायित्वों का निर्वाहन कर रहे हैं क्योंकि जिला अनूपपुर में पटवारियों की कलमबंद हड़ताल के 8 दिवस से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पटवारियों के वेतन एवं विभिन्न समस्यों के निराकरण में जिला प्रशासन अनूपपुर द्वारा कोई रूचि नहीं ली गई है और वेतन के अभाव में जिले के समस्त पटवारियों की आर्थिक स्थिति ध्वस्त हो चुकी है यहाँ तक कि परिवार चलाने, रोजमर्रा की जरूरतों को पूर्ण करने में संघर्ष करना पड़ रहा है राशन,बच्चों की फीस, लोन इत्यादि एवं वाहन में ईधन डलाने के लिये आर्थिक संसाधन पूर्ण रूप से समाप्त हो चुके है! **आर्थिक तंगी व् वेतन नहीं मिलने के कारण हम उपरोक्त बोर्ड परीक्षा (दसवी , बारहवी ) ड्यूटी करने में असमर्थ हैं,** क्योंकि बच्चों के भविष्य का सवाल है अतः सर्वम्मति से यह निर्णम लिया [redacted] गया है कि एकदम से इस ड्यूटी को बंद नहीं किया जाए तथा **प्रशासन को नये सक्षम / सम्पन्न शासकीय सेवक को कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त करने एवं उनको प्रशिक्षित करने का समय दिया जाये।**

अतः हम आपको सूचित करते हैं कि **दिनांक 25/02/2026 दिन बुधवार तक आयोजित बोर्ड परीक्षा के कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में कार्य करते रहेंगे तत् पश्चात दिनांक 26/02/2026 से उपरोक्त ड्यूटी का पूर्णतः बहिष्कार करेंगे ।**

आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचना सादर संप्रेषित ।

जिलाध्यक्ष
म0प्र0 पटवारी संघ
जिला अनूपपुर (म0प्र0)

Pमध्यप्रदेश शासन के सामान्य विभाग के ज्ञापन क्रमांक एफ 10-10 / 97 / 1-15, भोपाल दिनांक 29/05/98 एवं सेवा संघ नियम 1976 के नियम 3 के अंतर्गत पत्रों का उत्तर दिया जाना अनिवार्य है।

प्रतिलिपि:

1. प्रमुख सचिव महोदय, राजस्व विभाग मध्यप्रदेश शासन की ओर सूचनार्थ।
2. प्रमुख सचिव महोदय, शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन की ओर सूचनार्थ।
3. कमिश्नर महोदया संभाग शहडोल की ओर सूचनार्थ।
4. श्री मान कलेक्टर महोदय अनूपपुर की ओर सूचनार्थ।
5. श्री मान पुलिस अधीक्षक महोदय अनूपपुर की ओर सूचनार्थ।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनूपपुर की ओर सूचनार्थ।
7. प्रांताध्यक्ष महोदय, मध्यप्रदेश पट0 संघ भोपाल की ओर सूचनार्थ।
8. अनुविभागीय अधिकारी महोदय कोतमा/अनूपपुर/जैतहरी/पुष्पराजगढ़ की ओर सूचनार्थ।
9. तहसीलदार महोदय कोतमा/अनूपपुर/जैतहरी/पुष्पराजगढ़ की ओर सूचनार्थ।

जिलाध्यक्ष

म0प्र0 पटवारी संघ

जिला अनूपपुर (म0प्र0)

Scanned with OKEN Sca